प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 05.12.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच वार्ता चल रही है। हैदराबाद हाउस में हो रही इस वार्ता में दोनो नेता द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा और आपसी हित के क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर विचार विमर्श कर रहे है। इसके बाद व्यापार, अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य, शिक्षा, संस्कृति और मीडिया से संबंधित कई क्षेत्रों में अहम समझौतों पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। इससे पहले श्री पुतिन ने राजघाट पर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु शाम को रूस के राष्ट्रपति का स्वागत करेंगी और उनके सम्मान में रात्रिभोज का आयोजन रखा गया है।

0000

भारतीय रिजर्व बैंक–आरबीआई ने रेपो रेट में 25 बेसिस प्वाईन्ट की कटौती की घोषणा की है। अब नीतिगत ब्याजदर 5 दशमलव 25 प्रतिशत हो गई है। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने चालू वित्त वर्ष की पाँचवीं द्विमासिक मौद्रिक नीति में इस निर्णय की घोषणा की। इससे आवास, ऑटो और वाणिज्यिक सहित कई ऋण सस्ते होने की उम्मीद है।

0000

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि अब तक एक लाख 51 हज़ार से ज़्यादा वक्फ संपत्तियां उम्मीद पोर्टल पर पंजीकृत हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि वक्फ कानून बनने के बाद, मंत्रालय ने पोर्टल शुरू किया था। पोर्टल पर पंजीकरण के लिए संबंधित पक्षों को 6 महीने का समय दिया गया था। नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत में श्री रिजिजू ने कहा कि आज पंजीकरण का आखिरी दिन है और लाखों संपत्तियां अभी भी पंजीकृत नहीं हुई हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि अगले तीन महीनों तक मंत्रालय उम्मीद पोर्टल पर पंजीकरण कराने वालों पर कोई जुर्माना नहीं लगाएगा और कोई सख्त कार्रवाई नहीं करेगा।

0000

सशस्त्र सेना झंडा दिवस हर साल 7 दिसम्बर को मनाया जाता है। ये दिन देश की सुरक्षा में सशस्त्र बलों के योगदान को समर्पित है। इस दिन नागरिकों को सशस्त्र बलों की भूमिका के महत्व और समर्थन को रेखांकित करने की प्रेरणा दी जाती है। इसी कडी में सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन सिंह राठौड ने आज मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को बेज लगाया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए ऑनलाईन अंशदान दिया।

0000

प्रदेश में मतदाता सूचियों की एसआईआर प्रकिया में 5 करोड़ 46 लाख से ज्यादा गणना फॉर्म ईसीआई नेट पर अपलोड किये जा चुके है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि निर्धारित समय से पहले ही 99 दशमलव 94 प्रतिशत उपलब्धि हासिल कर राजस्थान ने डिजिटल दक्षता का कीर्तिमान बनाया है। श्री महाजन ने बताया कि प्रदेश के 24 जिलों और 153 विधानसभा क्षेत्रों में गणना फॉर्म का शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन कर लिया गया है। इसके अलावा 96 प्रतिशत मैपिंग के साथ राजस्थान देशभर में अग्रणी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश के 51 हजार 256 मतदान केन्द्रों पर बीएलओ ने शत प्रतिशत फील्ड कार्य पूरा करते हुए घर घर पंहुच सुनिश्चित की। पाली जिले में भी सभी गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन का काम पूरा कर लिया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी एल एन मंत्री ने बताया कि ये उपलब्धि लोकतांत्रिक प्रकिया को सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

....

0000

प्रदेश में शेखावाटी सहित कुछ स्थानों पर शीतलहर का असर है। मौसम विभाग के अनुसार आज सबसे कम 1 दशमलव 9 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान सीकर के फतेहपुर में रिकॉर्ड हुआ। सीकर, नागौर, लूणकरणसर और दौसा और पिलानी में रात का पारा 3 से 5 डिग्री सेल्सियस के बीच

दर्ज हुआ। राजधानी जयपुर में भी न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है। जयपुर में रात का पारा 9 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस रहा।

0000

सलूम्बर के डइला क्षेत्र में एक तेज रफ्तार बेकाबू बस की टक्कर से दो किशोरों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उनका एक साथी गम्भीर रूप से घायल हो गया। इसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सलूम्बर के खटीकवाडा निवासी ये युवक ईडाणा माता के दर्शन कर लौट रहे थे। वहीं भरतपुर में कल दो अलग–अलग सड़क हादसों में चार लोगों की मृत्यु हो गई। खेडली मोड पर कार की टक्कर से पैदल जा रहे पिता, पुत्र ने दम तोड दिया। उधर भरतपुर–जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 21 पर केवलादेव घना के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से दो लोगों की मौत हो गई।

0000

राज्य में पिछले दो सालों मे एससी/एसटी अत्याचार मामलों में 28 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि राजस्थान पुलिस ने समाज के कमजोर और वंचित वर्ग के खिलाफ होने वाले अपराधों पर विशेष संवेदनशीलता बरतने और नये आपराधिक कानूनों को कठोरता से लागू करने पर ध्यान केन्द्रित किया है। इसके सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे है। उन्होंने बताया कि साल 2025 में इससे संबंधित करीब 7 हजार 300 प्रकरण दर्ज हुए, जबकि पिछले साल 8 हजार 880 से ज्यादा मामले दर्ज हुए थे। इस तरह एक साल में इन अपराधों में 17 प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने बताया कि एसी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत त्वरित एफआईआर पंजीकरण नीति से शिकायतकर्ताओं का भरोसा बढा है और जांच में भी तेजी आई है।

00000

राजस्थान अन्य पिछडा वर्ग आयोग का आज अजमेर में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। ओबीसी आयोग के अध्यक्ष मदन सिंह भाटी की अध्यक्षता में ये कार्यक्रम होगा। आयोग के जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड ने बताया कि इसमें आमलोगों से उनके क्षेत्रवार मुद्दों और विकास संबंधी जरूरतों तथा ओबीसी समुदाय के कल्याण से जुडे विषयों पर चर्चा की जायेगी।

0000